# आईएएस अभिलाष मिश्रा बने उज्जैन निगमायुक्त, इंदौर को आठवीं बार सिरमौर बनाने का मिला तोहफा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर नगर निगम में अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा अब उज्जैन के निगम आयुक्त होंगे. उनको सरकार ने इंदौर को लगातार आठवीं बार स्वच्छता में सिरमौर बनने में अहम भूमिका निभाने के कारण महाकाल नगरी की जिम्मेदारी सौंपी है. बताया जा रहा है कि मिश्रा को उज्जैन नगर निगम आयुक्त बनाने के पीछे आगामी सिंहस्थ की तैयारियां करना मुख्य कारण है.**



राज्य सरकार ने 2017 बैच के आईएएस अधिकारी अभिलाष मिश्रा को उज्जैन नगर निगम कमिश्नर बनाने के आदेश जारी किए है. उनकी नियुक्ति में अहम भूमिका आयुक्त शिवम वर्मा और कलेक्टर आशीष सिंह की होना बताई जा रही है. वे दोनों सीनियर अधिकारियों के चहेते माने जाते हैं. इसके साथ ही बड़ा कारण है. इंदौर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था, जिसको कोई अधिकारी संभाल नहीं पा रहा था. एक समय चर्चा होने लगी थी कि इंदौर इस बार सफाई में आगे नहीं आएगा. बिगड़ी हुई व्यवस्था के बीच आयुक्त शिवम वर्मा ने अभिलाष मिश्रा को जिम्मेदारी सौंपी और सफाई का नवाचार के साथ आगे बढ़ाने काम दिया. मिश्रा ने लगातार मेहनत कर सफाईकर्मियों से लेकर संसाधन तक विशेष ध्यान दिया. उनके द्वारा एक माह में ही बिगड़ी सफाई व्यवस्था दुरस्त होने से इंदौर को आशा बंधी कि हम सिरमौर होंगे. इंदौर सिरमौर बना है तो उसमें अभिलाष मिश्रा ने मुख्य भूमिका निभाई है. इसके वे पात्र भी है. यह अलग बात है कि नगर निगम आयुक्त ने उनके हर निर्णय पर भरोसा जताया.

## काम करने के आदी

वैसे मिश्रा इंदौर जिले में महू एसडीएम के अलावा बैतूल जिला पंचायत सीईओ और कुछ महीने महिदपुर अनुविभागीय अधिकारी के पद पर भी रहे है. उसके बाद अपर आयुक्त बन इंदौर नगर निगम में अपनी कार्यशैली से सभी का दिल जीत लिया. उनकी कार्य शैली का परिणाम है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मिश्रा को अपने शहर ले गए और कांटों के ताज वाली जिम्मेदारी सौंपी दी. मिश्रा काम करने के आदी है, इसलिए उनको परेशानी नहीं होगी और इंदौर शहर का अनुभव उनको उज्जैन निगम के काम करने में सहयोग देगा.



# आधे इंदौर में फिर यातायात जाम

## कारण धार्मिक जुलूस मुख्य मार्गों पर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर वासियों और वाहन चालकों के लिए इंदौर शहर अभिशाप बनता जा रहा है. शहर में अब लगभग रोज ही कहीं न कहीं यातायात जाम हो रहा है. आज तो शहर की पूरी ट्रैफिक व्यवस्था ही बदहाली का प्रमाण बन गई. इसका कारण शहर में चारों तरफ धार्मिक जुलूस की बाढ़ आना है. आधे से ज्यादा शहर में यातायात रेंगता रहा। प्रशासन और पुलिस यातायात व्यवस्था की बजाय धार्मिक जुलूसों की सुरक्षा में लगे रहे.**

आज सावन का आखरी सोमवार होने से शहर में सुबह से ही धार्मिक जुलूस निकाले जा रहे है. सुबह दो बड़े मातृ शक्ति की कावड़ यात्रा के जुलूस निकाले गए. शाम को पश्चिम क्षेत्र में भूतेश्वर महादेव, नेहरू नगर नीलकंठ महादेव सवारी, अन्नापूर्णा रोड बैंक कॉलोनी की विश्वेश्वर महादेव सवारी सहित कई इलाकों में अलग अलग धार्मिक जुलूस निकाले गए. यह सभी धार्मिक जुलूस शहर के मुख्य मार्गो पर निकाले जा रहे है. इस कारण शहर के प्रमुख और अधिकांश सड़कों पर यातायात जाम लग गए. यातायात जाम को खोलने में किसी प्रशासन और पुलिस अधिकारी की रुचि नहीं दिखाई दी. उल्टा प्रशासन और पुलिस अधिकारी उक्त धार्मिक जुलूस के सुरक्षा में लगे रहे. वहीं शहर की जनता दो से तीन घंटे तक जाम में फंस कर परेशान होती रही और व्यवस्था दुरस्त करने वाला मौके पर नजर नहीं आ रहा था.

## वाहनों से पटी सड़कें

जाम का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जंजीर वाला चौराहे से इंडस्ट्री हाउस, शास्त्री ब्रिज, नंदानगर, नेहरू नगर से परदेशीपुरा चौराहा, एलआईजी मेनरोड, पलासिया, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला, बड़ा गणपति, गंगवाल बस स्टैंड सहित अधिकाश सड़कें वाहनों से पटी पड़ी नजर आ रही थी . पूरा शहर यातायात जाम के कारण हलाकान होता रहा और बच्चे से लेकर बूढ़े तक परेशान होते रहे . गलियों और छोटे रास्ते के जरिए वाहन चालक अपने गंतव्य तक पहुंचने की जुगत भिड़ाते दिखाई दिए . वहीं चार पहिया वाहन चालक मजबूर होकर रेंगते नजर आए।

# पांच वरिष्ठ आईएएस के तबादले, 2 लीव से लौटे

## मनीष सिंह तकनीकी शिक्षा, जीवी रश्मि महिला एवं बाल विकास भेजा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 4 अगस्त. राज्य सरकार ने सोमवार देर शाम भारतीय प्रशासनिक सेवा के 5 अफसरों के तबादले किए हैं. स्टडी लीव के बाद वापस आए और पदस्थापना के लिए प्रतीक्षारत मनीष सिंह को प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के साथ ही खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है.**

वहीं जीवी रश्मि भी स्टडी लीव से वापस लौट आई हैं. उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग में सचिव पदस्थ किया गया है. इसके बाद अपर मुख्य सचिव रश्मि अरूण शमी की विभाग से विदाई हो गई है.

मनीष सिंह 16 सितंबर 2024 से और जीवी रश्मि 12 सितंबर 2024 से स्टडी लीव पर थीं. दोनों ही अफसरों की वापसी से अफसरों की कमी से जूझ रही सरकार को कुछ राहत मिलेगी. मप्र बीज एवं फार्म विकास निगम के एमडी अनुराग सक्सेना को अपर प्रबंध संचालक मप्र राज्य कृषि विपणना बोर्ड भोपाल पदस्थ किया गया है. इसी तरह नगर पालिक निगम इंदौर के अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा को आयुक्त नगर पालिक निगम उज्जैन तैनात किया गया है, वहीं मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के मुख्य महाप्रबंधक प्रशासन अर्चना सोलंकी भोपाल को उप सचिव कार्मिक सामान्य प्रशासन विभाग पदस्थ किया गया है.

## संदीप केरकेट्टा को अतिरिक्त प्रभार

मुख्यमंत्री के उप सचिव संदीप केरकेट्टा को अपने मौजूदा दायित्वों के साथ प्रबंध संचालक मप्र बीज एवं फार्म विकास निगम का अतिरिक्त रूप से प्रभार दिया गया है . मनीष सिंह के कार्यभार ग्रहण करने पर मनु श्रीवास्तव एसीएस खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे . वहीं विवेक पोरवाल प्रमुख सचिव भी तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे . इसी तरह जीवी रश्मि के कार्यभार ग्रहण करने पर रश्मि अरूण शमी एसीएस महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी .

श्रीकँवरतारा छाजेड़ पारमार्थिक न्यास बड़वाह द्वारा संचालित संस्थान

श्रीकँवरतारा साईंस एण्ड कॉमर्स महाविद्यालय
श्रीकँवरतारा इंस्टीट्यूट फॉर टीचर्स ट्रेनिंग मण्डलेश्वर
(क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन से सम्बद्धता प्राप्त)
प्रवेश प्रारंभ

महाविद्यालय में संचालित कोर्सेस
* B.Com.(Plain) 3 वर्षीय
* B.Com.(Computer Application) 3 वर्षीय
* B.Sc.(Bio,Maths Plain) 3 वर्षीय
* B.Sc.(Computer Science) 3 वर्षीय
* B.Sc.(Seed Technology) 3 वर्षीय
* B.Sc.(Biotechnology) 3 वर्षीय
* M.Sc.(Chemistry) 2 वर्षीय
* M.S.W.(Social Work) 2 वर्षीय
* D.El.Ed. 2 वर्षीय
* B.Ed. 2 वर्षीय

उपलब्ध सुविधाएं
❖ सुसज्जित लेब
❖ स्मार्ट क्लासेस
❖ लायब्रेरी
❖ वर्कशॉप एवं सेमिनार
❖ बस सुविधा
❖ अनुभवी शिक्षक
❖ स्पोर्टस गतिविधि
❖ शैक्षणिक भ्रमण
न्यूनतम शुल्क में उच्चतम शिक्षा

देवी अहिल्या प्राइवेट आई.टी.आई. मण्डलेश्वर में संचालित ट्रेड
इलेक्ट्रीशियन 2 वर्षीय
डीज़ल मैकेनिक 1 वर्षीय
फिटर 2 वर्षीय
वेल्डर 1 वर्षीय
इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक 2 वर्षीय
कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिसटेंट 1 वर्षीय
प्रस्तावित ट्रेड : ड्रोन पायलट, ड्रोन टेक्निशियन

प्रवेश हेतु सम्पर्क करें - 9669696249,9826974244,9753222771
E-Mail:- shrikanwartaracollege060@gmail.com, Visit Us : www.kanwartaraclg.com

प्रवेश हेतु सम्पर्क करें - 9826974268,9926163951
E-Mail:- deviahiliyaiti@gmail.com, Visit Us : www.dapiti.co.in

श्रीनगर कॉलोनी, मण्डलेश्वर तहसील महेश्वर, जिला खरगोन (म.प्र.)

नर्सरी टीचर ट्रेनिंग (NTT)
योगा टीचर ट्रेनिंग (YTT)



ADMISSIONS OPEN FOR SEPTEMBER BATCH
12वीं पास अभियार्थियों के लिए सीट अलॉटमेंट की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है |
Special Batches For Employees & Students

MONITORING, ASSESSMENT & CERTIFICATION BY
MSME TECHNOLOGY DEVELOPMENT CENTRE
An Organisation under Ministry of MSME
GOVERNMENT OF INDIA

मध्य प्रदेश में MSME- TDC एन्लिस्टेड NCFSE के विभिन्न केन्द्रो में सितंबर 2025 में शुरू होने वाले नर्सरी टीचर ट्रेनिंग (1 वर्ष), एडवांस्ड नर्सरी टीचर ट्रेनिंग (2 वर्ष), योगा टीचर ट्रेनिंग (1 वर्ष) आदि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 12वीं व अधिक पास युवक / युवतियों को दाखिले के लिए आमंत्रित किया जाता है। इन पाठ्यक्रमो की Monitoring, Assessment and Certification MSME - TDC (An Organisation under Ministry of MSME, Govt. of India) द्वारा की जाएगी। आने वाले समय में भारत के सभी पूर्व प्राथमिक विद्यालयों, किंडरगार्टन, क्रेच मे हज़ारों भर्ती आने की संभावना हैं | नर्सरी टीचर ट्रेनिंग (1 और 2 वर्ष) पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पास करने के बाद, उम्मीदवार Nursery Teacher, Pre-primary Teacher, Nursery Co - ordinator और Home Tutor के रूप में काम कर सकते हैं और अपना प्री-प्राइमरी स्कूल भी खोल सकते हैं। योग शिक्षक प्रशिक्षण कोर्स करके उम्मीदवार Yoga Trainer, Yoga Advisor, Yoga Specialist बन सकते हैं। SC/ST /BPL Category के अभियर्थियों को फीस में छूट दी जाएगी।

TRAINING PROGRAMMES FOR THE ACADEMIC SESSION

| S.No. | Training Programme | Eligibility | Duration | Age |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Nursery Teacher Training | 12th & Above | 1 Year | 18 - 42 |
| 2. | Advance Nursery Teacher Training (ANTT) | 12th & Above | 2 Years | 18 - 42 |
| 3. | Yoga Teacher Training | 12th & Above | 1 Year | 18 - 42 |

प्रवेश प्रक्रिया : नीचे दिए गए प्रशिक्षण केंद्र में दाखिले के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक आवेदक अपने अभिभावक के साथ अपना प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की कॉपी के साथ प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते है। अभियार्थियों से प्रशिक्षण शुल्क मासिक किश्त भुगतान द्वारा लिया जाएगा।

TRAINING AGENCY : NCFSE GROUP OF INSTITUTIONS

ADMISSIONS OPEN
Shrinagar Colony, Mandleshwar

CENTER AT
SHRIKANWARTARA
INSTITUTE FOR TEACHER'S TRAINING
Shrinagar Colony, Mandleshwar
Contact : 9669696240

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60